# शुभमस्तु कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का उद्योगपतियों ने आभार व्यक्त किया

## भोपाल में जीआईएस समिट : 2025 करने के निर्णय के लिए भोपाल और प्रदेश के उद्योगपतियों ने किया स्वागत

भोपाल (काप्र)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को उद्योग क्षेत्र के सहयोग से मजबूत बनाया जाएगा। अन्य देशों से भी मध्यप्रदेश में निवेश आएगा। ऐसी स्थिति में स्थानीय उद्योगपतियों को भी उतना ही महत्व दिया जाएगा।

नई तकनीक का उपयोग कर सभी तरह के उद्योगों के विकास और अधिक से अधिक संख्या में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने को प्राथमिकता दी जाएगी। डॉ. यादव आज राज्य शासन के फरवरी 2025 में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट करने के निर्णय पर उनका आभार व्यक्त करने आए प्रमुख उद्योगपतियों, विभिन्न औद्योगिक संगठन एवं उद्योग क्षेत्र के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कई संस्थाओं ने जीआईएस समिट भोपाल में आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री को उद्योग जगत की ओर से शुभमस्तु कार्यक्रम में धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया गया। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव को औद्योगिक निवेश के दृढ़ संकल्प एवं विकसित मध्यप्रदेश की परिकल्पना को साकार करने के लिए 24 से 30 नवम्बर तक यू.के. और जर्मनी यात्रा के लिए मंगलकामनाएं भी दी गईं। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में कई तरह के उद्योगों के विकास की संभावनाएं विद्यमान हैं। यदि बात मेडिकल टूरिज्म की करें तो प्रदेश में स्वास्थ्य और चिकित्सा सुविधाओं का निरंतर विस्तार हो रहा है। प्राकृतिक सुंदरता के कारण प्रदेश के कई स्थान पर्यटन क्षेत्र में उद्योगों की संभावनाओं को साकार कर रहे हैं। प्रदेश की राजधानी भोपाल की ही बात करें तो यहाँ राजस्थान के उदयपुर से अधिक संख्या में झीलें हैं, जो पर्यटन के विकास की दृष्टि से किसी भी राज्य के पर्यटन उद्योग से अधिक प्रगति में सहायक है। अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में



अब तक दक्षिण भारत ही केन्द्र रहा है। इस क्षेत्र में मध्यप्रदेश में आवश्यक वातावरण निर्मित किया जा रहा है। युवा वैज्ञानिकों के सम्मेलन के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। आईआईटी इंदौर का परिसर उज्जैन में प्रारंभ हो चुका है। इसके अलावा दुग्ध व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए व्यवस्थित और स्वच्छ पशुपालन के लिए पशुपालकों को आवश्यक सहयोग दिया जा रहा है। डॉ. यादव ने कहा कि आज ही भोपाल के ग्राम सूखी सेवनिया के निकट बरखेड़ी डोब में 25 एकड़ क्षेत्र में 15 करोड़ रूपए लागत की हाईटेक गौ-शाला का भूमिपूजन किया गया है। यहां दस हजार गायों के रहने की क्षमता होगी। भोपाल देश की सबसे स्वच्छ राजधानी है, इस नाते भोपाल के नगरीय क्षेत्र की स्वच्छता में मवेशियों के पालन और रखरखाव के लिए ऐसी हाईटेक गौ-शालाएं हमारी स्वच्छता क्षेत्र की उपलब्धि को कायम रखने में भी सहायक होती हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी अभिनंदन के पात्र हैं। उन्होंने वर्ष 2014 में भारत के 11वें स्थान को 5वें स्थान पर ला दिया है। मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए तेज गति से कार्य कर रहा है। प्रदेश के बजट में प्रतिवर्ष 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि होगी, जो आने वाले पांच वर्ष में बजट को दोगुना पहुंचाने के लक्ष्य में सहायक होगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के लिए उनका आभार माना। शुभमस्तु कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के मध्यप्रदेश में उद्योग संवर्धन प्रयासों के लिए विचार व्यक्त किए गए। श्री दिलीप सूर्यवंशी ने कहा कि बीआरटीएस हटाने का विषय मानवीय संवेदना से ओतप्रोत है। ये हमारे मुख्यमंत्री डॉ. यादव का विजन है। हाल ही में प्रदेश में सोयाबीन उद्योग के क्षेत्र में नया निवेश आ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा व्यक्तिगत रूप से उद्योगपतियों की दिक्कतें दूर करने की पहल की गई है। मध्यप्रदेश के उद्योगपतियों में नया विश्वास पैदा हो रहा है। श्री सूर्यवंशी ने मुख्यमंत्री को भोपाल के नागरिकों की तरफ से धन्यवाद देते हुए कहा कि एक उत्कृष्ट मूर्तिकार हैं, जो मध्यप्रदेश को गढ़ रहे हैं।

कार्यक्रम में महाकौशल शुगर एंड पावर इंडस्ट्रीज की तरफ श्री नवाब रज़ा ने भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यदि डेयरी व्यवसाय में लघु इकाइयां प्रारंभ की जाती हैं, तो कई किसान इसके लिए तैयार हैं।

# देश के दुग्ध उत्पादन का 20 प्रतिशत मप्र से करने का लक्ष्य : मुख्यमंत्री

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में देश के कुल दुग्ध उत्पादन का 9 प्रतिशत उत्पादन मध्यप्रदेश में होता है। इसे 20 प्रतिशत तक ले जाने के लिए समन्वित प्रयास किए जाएंगे।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में संगठित क्षेत्र में दुग्ध संकलन बढ़ाने और सहकारी दुग्ध संघ और महासंघ के सुदृढ़ीकरण के संबंध में उच्च स्तरीय बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री लखन पटेल, विधायक हेमंत खंडेलवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन और नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड (एनडीडीबी) के चेयरमेन डॉ. मीनेश शाह सहित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

डॉ. यादव ने कहा कि सहकारी क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन के प्रयासों में वृद्धि की जाएगी। प्रदेश के जिन ग्रामों में सहकारी समितियां कार्य कर रही हैं, वहाँ दुग्ध उत्पादन बढ़ाने में अच्छी सफलता मिलेगी। साथ ही शेष ग्रामों के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। इस कार्ययोजना के क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। राजगढ़ जैसे जिलों में किसान उत्पादक संगठन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से उत्साहपूर्ण पहल कर चुके हैं।

## नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पीपीपी मोड पर खुलेंगे मेडिकल कॉलेजः डा. यादव

**भोपाल ( काप्र )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने और चिकित्सा शिक्षा व्यवस्था का विस्तार करने की दृष्टि से नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किए जा रहे हैं। प्रदेश में वर्ष- 2003 तक सिर्फ 5 शासकीय मेडिकल कॉलेज थे। गत 20 वर्ष में 12 नए मेडिकल कॉलेज प्रारंभ हुए और अब एक साथ 12 अन्य मेडिकल कॉलेज पीपीपी मोड पर प्रारंभ करने की ओर हम बढ़ चुके हैं। शीघ्र ही प्रदेश में 50 मेडिकल कॉलेज होंगे। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य और चिकित्सा के क्षेत्र में अधोसंरचना सशक्त होती जा रही है। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समत्व भवन में शनिवार को एक बैठक में प्रदेश में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज प्रारम्भ करने के लिए उप मुख्यमंत्रीराजेंद्र शुक्ल और वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल बैठक में वर्चुअली शामिल हुए।

# हीमोफीलिया जागरूकता शिविर संपन्न



**भोपाल ( काप्र )। हीमोफीलिया सोसायटी भोपाल द्वारा पैथोलॉजी विभाग गांधी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल मध्यप्रदेश के सहयोग से हीमोफीलिया ओपन क्लीनिक एवं जागरूकता शिविर का आयोजन शनिवार पैथोलॉजी विभाग, गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल किया गया।**

जागरूकता शिविर प्रदेश के विभिन्न भागों से मरीज 200 मरीज एवं उनके परिजनों ने भाग लिया। जो हीमोफिलिया के मरीजों के लिए समग्र रूप से चिकित्सा एवम अन्य सुविधाएं जुटाई जाने के संबंध में समस्या एवम सुझाव पर चर्चा की गई। इस शिविर में अक्षमता विशेष रूप से हीमोफिलिया के साथ जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए शासकीय योजनाओं की जानकारी डॉक्टर आर. के. निगम द्वारा दी गई। हीमोफीलिया ओपन क्लीनिक एवं जागरूकता शिविर में डॉ अरूण कुमार श्रीवास्तव मुख्य अतिथि, संचालक चिकित्सा शिक्षा विभाग, मप्र भोपाल की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें, डॉ कविता एन सिंह अधिष्ठाता, गांधी चिकित्सा महाविद्यालय, भोपाल, डॉ सुनीत टंडन, संयुक्त संचालक सह अधीक्षक, हमीदिया चिकितशालय, भोपाल डॉ देवेंद्र गौर डॉक्टर रमेश माधव हीमोफीलिया सोसाइटी, भोपाल के डॉ आर. के. निगम, अध्यक्ष आनंद विजयवर्गीय उपाध्यक्ष- डॉक्टर रजनी चौधरी प्रशांत सिंह, सह सचिव डा.मनीष सूलया, कोषाध्यक्ष अतुल सिंह कार्यकारिणी सदस्य के. के. चौरसिया, डॉ वर्षा रामपुरी, डॉ उपासना, डॉ अर्चना श्रीवास्तव, अनमोल शर्मा, डॉ तपस्या तोमर, डॉ रीटा सक्सेना, डॉ मुकेश कुमार, रोहित मेहरा एचटीसी कॉर्डिनेटर, नर्सिंग स्टाफ संगीता परते, यशोदा गहलोत, एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। डॉक्टर रमेश माधव सलाहकार का विशेष योगदान रहा।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### महाराष्ट्र में झूठ, छल...

मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि आज के दिन महाराष्ट्र और उपचुनावों में मिली जीत और पिछले दिनों हरियाणा में मिली जीत ने यह तय कर दिया है कि जिस बात को पीएम मोदी जी ने रखा... गांव, गरीब, वंचित, पीड़ित, दलित, महिला, युवा, किसान... इनको मुख्यधारा में शामिल करके देश को आगे ले जाना है... इस पर जनता ने फिर से मुहर लगा दी है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव ने यह भी संदेश दिया कि समाज को बांटने वालों को करारी हार का सामना करना पड़ा और लोगों ने पीएम मोदी की विकास नीतियों की सराहना की है। पिछले कुछ समय से ङ्घह्यङ्घ गठबंधन को यह भ्रम था कि वे लोगों को जाति, संविधान, धर्म के नाम पर बांटकर सत्ता हासिल कर लेंगे। हरियाणा, महाराष्ट्र ने उन्हें जवाब दे दिया है। उन्होंने कहा कि 2019 में उद्धव ठाकरे ने जनादेश का अपमान किया, लेकिन आज महाराष्ट्र की जनता ने दिखा दिया कि वो महायुति और पीएम मोदी के साथ हैं।

### प्रदेश को समन्वित ...

की यात्रा में यूके और जर्मनी के उद्योगपतियों, निवेशकों और एनआरआई समुदाय को मध्यप्रदेश में व्यापार-व्यवसाय के अनुकूल वातावरण और अधोसंरचनात्मक विकास से परिचित कराया जायेगा। उन्हें प्रदेश की इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट पॉलिसी और एमएसएमई प्रोत्साहन योजनाओं से भी अवगत कराया जायेगा। यात्रा में यूके और जर्मनी के प्रमुख उद्योगों और एमएसएमई से साझेदारी के अवसर तलाशे जायेंगे। प्रदेश को न्यूनतम लागत राशि में कुशल विनिर्माण केन्द्र के रूप में प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही राज्य के स्पेशल इकोनॉमिक जोन की जानकारी साझा की जायेगी। डॉ. यादव की यात्रा से यूके-जर्मनी में निवासरत मध्यप्रदेश के लोगों को प्रदेश की प्रगति में योगदान के लिये प्रेरित किया जायेगा। फ्रेंड्स ऑफ एमपी और रूट-टू-रूटस् जैसे अभियान भी इसमें मददगार रहे हैं। इससे शैक्षिक, औद्योगिक और शोध संस्थानों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी स्थापित करने में मदद मिलेगी। इसमें तकनीकी हस्तांतरण और सुदृढ़ विकास के लिये सहयोग सुनिश्चित करने के प्रयास भी किये जायेंगे। डॉ. यादव 24 से 27 नवम्बर तक यूके यात्रा पर रहेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहाँ ब्रिटिश सांसदों और व्यावसायिक प्रतिनिधियों से मीटिंग करेंगे। फ्रेंडस् ऑफ एमपी नेटवर्क विस्तार का कार्य भी किया जायेगा। प्रमुख उद्योगपतियों के साथ इन्टेरक्टिव सेशन, राउंड टेबल मीटिंग और वन-टू-वन मीटिंग भी होंगी। शहरी पुनर्विकास और प्रौद्योगिकी नवाचार में यूके की विशेषज्ञता का अध्ययन भी किया जायेगा। डॉ. यादव 27 से 30 नवम्बर तक जर्मनी की यात्रा में प्रमुख औद्योगिक शहर म्यूनिख और स्टटगार्ट के औद्योगिक केन्द्रों का भ्रमण करेंगे। वे फेसिलिटी एसएफसी एनर्जी, बेर्लोचर और लेप ग्रुप जैसे अग्रणी संस्थानों के फेसलिटी सेंटर का भ्रमण करेंगे। डॉ. यादव जर्मनी में प्रमुख उद्योगपतियों के साथ राउंड टेबल मीटिंग करेंगे और प्रवासी भारतीयों को एमपी में निवास के लिये प्रोत्साहित करेंगे। डॉ. यादव की यूके-जर्मनी यात्रा से एमपी में निवेश तो आयेगा ही, साथ ही तकनीकी विशेषज्ञता हासिल करने के नये अवसर प्राप्त होंगे। इंडस्ट्रियल और एजुकेशनल मेनुफेक्चरिंग स्किल्स के क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोगात्मक संबंध भी स्थापित होंगे। अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक व्हीकल, एमएसएमई सेक्टर में होने वाले नवाचारों एवं विकास में गति आयेगी।

### महाराष्ट्र में महायुति...

दो सीटों पर विजयी हुयी है। गठबंधन के घटक राष्ट्रीय युवा स्वाभिमान पार्टी एक सीट पर आगे है और राष्ट्रीय समाज राजर्षि शाहू विकास अघाडी ने एक सीट पर जीत हासिल की है। विपक्षी गठबंधन महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के घटक कांग्रेस पार्टी को 10 सीटों पर जीत हासिल हुयी है और पांच पर उसके उम्मीदवार आगे चल रहे थे जबकि रांकपा को छह सीटों पर जीत मिली है और चार सीटों पर आगे चल रहे हैं। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना को 17 सीटों पर विजय मिली है और तीन पर बढ़त बनाये हुये हैं। विपक्षी गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी को दो सीटें मिली हुयी हैं। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी ऑफ इंडिया और राष्ट्रीय समाज पक्ष को एक-एक सीट मिली है। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तिहादुल मुस्लिमीन को एक सीट पर बढ़त थी जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार को विजय मिली हुयी है और एक अन्य निर्दलीय उम्मीदवार आगे चल रहा था। शिवसेना के नेता और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महायुति की सफलता को प्रचंड जीत बताते हुये कहा कि यह सफलता न भूतो, न भविष्यति है। उन्होंने इसके लिये लाडली बहनों, लाडले किसानों और हर वर्ग के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। श्री शिंदे ने इसे महायुति सरकार के ढाई साल के काम का सफल बताया। शिवसेना के प्रवक्ता संजय राउत ने चुनाव परिणाम में कुछ गडबड़ जरूर है। विधानसभा में स्पष्ट बहुमत के लिये 145 सीटों की जरूरत होगी। उपमुख्यमंत्री और भाजपा के नेता ने चुनाव में महायुति की जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को देते हुये कहा, हम महाराष्ट्र के हर नागरिक के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। राकांपा नेता अजीत पवार ने कहा कि लाडकी बहीण योजना ने बाजी पलट दी है। मैंने अपनी याद में ऐसी जीत नहीं देखी। महाराष्ट्र में अक्टूबर 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और संयुक्त शिवसेना मिलकर चुनाव लड़े थे और उन्हें क्रमशः 105 और 56 सीटों पर जीत मिली थी जबकि रांकापा को 54 और कांग्रेस को 44 सीट प्राप्त हुयी थी, लेकिन मुख्यमंत्री पद को लेकर शिवसेना के नेता उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस रांकापा का दामन पकड़ लिया था। इसी साल अप्रैल-मई में हुये चुनाव में महाराष्ट्र में 48 लोक सभा सीटों में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को 17 सीटों पर और कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया समूह को 30 सीटों पर जीत हासिल हुयी थी।

# माता-पिता के त्याग का आदर करें बेटियांः सिद्धभाऊ



**भोपाल ( हिनप्र )।** नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल के दो दिवसीय वार्षिक समारोह 'मंथन' की शुरूआत रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों के साथ हुई। पहले दिन शनिवार को विद्यालय की 550 छात्राओं ने प्रस्तुतियां दीं, जिसमें प्रतिभा और कला के विविध रंग बिखेरे।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में पूर्व छात्रा डॉली शहानी का जीवन सभी बच्चियों के लिए एक प्रेरणा है। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व छात्रा डॉली शहानी ने कहा कि 21वीं सदी की महिलाओं के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। आपने छात्राओं का आव्हान करते हुए कहा कि सिर्फ अकादमिक नहीं स्वयं को भी जानना उतना ही जरूरी है। शहीद हेमू कालाणी एज्युकेशन सोसायटी के अध्यक्ष एवं मार्गदर्शक संत सिद्धभाऊजी ने कहा कि आपने माता-पिता की कुर्बानियों का आदर करने का संदेश दिया। विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी ने कहा कि विद्यालय परिवार छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है।


समारोह की शुरूआत परंपरागत तरीके से हुई। विद्यालय के बैंड और एनसीसी टीम द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। जिसके बाद छात्राओं द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना नृत्य ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया।समारोह में शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति के साथ-साथ, अंग्रेज़ी नाटक, कव्वाली, कथक और फ्लेमेंगो नृत्य जैसी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

# भगवान में रम कर पांच मिनट की भक्ति ही बहुत हैः मुकेश

भोपाल (हिनप्र)।

शिव महापुराण कथा के अंतिम दिवस पर कथा व्यास से श्री मुकेशजी ने भगवान शिव और पार्वती के विवाह का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि आप सच्ची श्रद्धा और भक्ति भाव से भगवान की तरफ एक कदम बढ़ाते हो तो भगवान 10 कदम बढ़ाकर आपके तरफ दौड़े चले आते हैं।

प्रभु नगर ईदगाह हिल्स कम्युनिटी हॉल में शिवपुराण कथा का आयोजन किया गया था। मुकेशजी ने कहा कि भगवान केवल सच्ची श्रद्धा और भाव के भूखे हैं उन्हें भक्तों से कुछ भी नहीं चाहिए भक्ति जब कोई भक्त निष्कपट और सच्ची भक्ति करता है तो भगवान उसे प्रत्यक्ष दर्शन भी दे देते हैं। मुकेशजी ने कहा कि यदि 5 घंटे की भक्ति करो और आपका मन भगवान में ना हो लेकिन आप 5 मिनट की भक्ति करो और आपका मन पूर्ण तरह से भगवान के चरणों में ही हो तो वह 5 मिनट की भक्ति 5 घंटे वाली भक्ति से कहीं ज्यादा श्रेष्ठ है इसीलिए जब भी भगवान की



भक्ति करने बैठे तो सांसारिक विषयों को हटाकर ही भगवान की भक्ति करें।

कथा में आयोजक राजेश सनमुखानी परिवार, मनीष गंगवानी भूवी गंगवानी, भूमिका शर्मा, गायत्री मेहरचंदनी, मोहन वाधवानी राधिका वाधवानी, पवन वाधवानी, उषा वाधवानी, पूर्व पार्षद भारती खटवानी, हीरो इसरानी अध्यक्ष हीरो फैंस क्लब भाजपा नेता श्री महेश खटवानी बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी राजकुमार धानुक हीरो फैंस क्लब के महासचिव नानक व बड़ी संख्या में भक्त जन शामिल हुए।

**जाहिर सूचना**

**प्लाट क्रमांक-56, विकास कुंज गुह निर्माण सहकारी समिति मर्या. बाबडिया कलां, भोपाल तहसील कोलार जिला-भोपाल के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती निर्मला उदासी पत्नी स्व. नंदलाल उदासी एवं श्रीमती मोनिका उदासी पुत्री स्व. श्री नंदलाल उदासी पत्नी स्व. श्री महेश कुमार मनवानी, निवासी- अजय गुप्ता जी का मकान, एच 602, विराशा हाईटस, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.) के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का आवासीय प्लाट क्र. 56, विकास कुंज गुह निर्माण सहकारी समिति मर्या. बाबडिया कलां, भोपाल जो कि खसरा क्रमांक 10/2/1 का अंश भाग होकर विकास कुंज कॉलोनी, ग्राम- बाबडियाकलं, तहसील कोलार जिला- भोपाल में वार्ड क्रं.-51 में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल-66 वर्गमीटर है, उक्त प्लाट की चतुर्थ सीमायें, पूर्व में प्लाट नं 57, पश्चिम में प्लाट नं 55, उत्तर में- दीगर भूमि, दक्षिण में- रोड, हैं, जिसे क्रय करने हेतु मेरे पक्षकार विक्रेता को बयाना राशि का भुगतान कर दिया है। यदि उक्त वर्णित प्लाट के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, गृह निर्माण सहकारी संस्था, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति कहीं दान, बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय, विक्रय अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति , फर्म, बैंक अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त वर्णित सम्पत्ति को क्रय करने हेतु विक्रय पत्र का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र रहेंगे। ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य एवं स्वीकार नहीं होगी।

**जसवंत सिंह, अधिवक्ता**
**ऑफिस-जी 01, प्लाट नं 67. अंजनी अपार्टमेंट, रेलवे हा. सोसायटी, ई 8, भोपाल**
**मो.नं.- 7869423521**

2634

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं.01 रापडिया तहसील-कोलार जिला भोपाल (म.प्र.)**

रा.प्र.क्र./अ- 12/2024-25 ग्राम का नाम भैरोपुर प.ह.नं. 02 तहसील कोलार जिला भोपाल

**सूचनापत्र (वासते सीमांकन)**

**प्रति,**1 श्री दिनेश कुमार पिता कन्हैयाताल अग्रवाल नि भोपाल, 2. चौधरी शिवनारायण सिंह पिता चौधरी रघुवीर सिंह नि एफ-2 सृटिगार्डन रखपुर (छ.ग) 3. गोपाल पुत्र काशीराम पाल नि. धामधूसर गौहरगंज रायसेन । 4. परमचंद , खेमचंद पिता धनलाल नि. भैरोपुर भोपाल। 5.. लखन सिंह पुत्र प्रभुलाल परमार नि खनपुर सडक भोपाल। 6. दशरथ सिंह, पुत्र प्रभुलाल परमार नि. रतनपुर सडक भोपाल। 7. प्रबदीप सिंह पिता मनिन्दर पाल सिंह निं. ई-1/201 अरेरा कॉलोनी भोपाल । 8.अविरल बिल्डिंग कन्सट्राक्शन प्रा.लि द्वारा शरद जायसवाल पिता, के पी जायसवाल एवं चेतन सिंह गौड पिता प्रताप सिंह नि. ई. 7.78 अरेरा कॉलोनी भोपाल। 9. अन्य पड़ोसी भूमिस्वामीया 10 हल्का पटवारी श्री गणेश पाण्डेय की भीर सूचनार्थ । **विषय**-सीमांकन किये जाने हेतु बाबत सूचना पत्र। एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीकान्त जैन पत्न/पिता श्री एच.सी. जैन निवासी- 2.505 शाहपुरा भोपाल द्वारा ग्राम भैरोपुर प.ह.नं. 02 तहसील कोलार जिला भोपाल में स्थित भूमि खसरा नंबर180 रकबा 0.1400 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा दिनांक 28/11/2024 को समय प्रातः 4.00 बजे स्थल पर किया जावेगा। पडोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमाकंन से कोई आपत्ति होतो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं अनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य रोका नहीं जावेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक मे परिवर्तन किया जा सकता है। पडोसी भूमिस्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वंय से व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराया जा सकता है। आज दिनांक 21/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

**राजस्व निरीक्षक**
**तहसील कोलार-भोपाल**

2635

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं.01 रापडिया तहसील-कोलार जिला भोपाल (म.प्र.)**

रा.प्र.क्र./अ- 12/2024-25 ग्राम का नाम भैरोपुर प.ह.नं. 01 तहसील कोलार जिला भोपाल

**सूचनापत्र (वासते सीमांकन)**

**प्रति,**1. श्री दिनेश कुमार पिता कन्हैयालाल अग्रवाल निवासी भोपाल। 2. प्रबंदीप सिंह पिता मनिन्दर पाल सिंह नि-ई-1/201 अरेरा कालोनी भोपाल । 3. गोपाल पुत्र काशीराम नि.धामधूसर गौहरगंज रायसेन। 4. परमचंद, खूबचंद, खेम चंद पिता धनलाल नि. भैरोपुर भोपाल। 5. लखनसिंह, दशरथ सिंह पिता प्रभुलाल परमार नि. रतनपुर सड़क भोपाल। 6. श्रीकान्त जैन पुत्र एच. सी. जैन नि. ए. 505 शाहपुरा भोपाल। 7. अविरल बिल्डिंग कन्सट्रात प्रा.लि द्वारा शरद जायसवाल पिता के. पी. जायसवाल एवं चेतनसिंह गौड पिता प्रताप सिंह मौड नि ई-778अरेरा कॉलोनी भोपाल ।8. अन्य सभी पडोसा भूमिस्वामीया। 9. हल्का पटवारी श्री गणेश पाडेय की ओर सूचनार्थ **विषय**-विषय-सीमांकन किये जाने हेतु बाबत सूचना पत्र। एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती आशा जैन पत्नी डॉ श्रीकान्त जैन निवासी शाहपुरा भोपाल द्वारा ग्राम भैरोपुर प.ह.नं. 02 तहसील कोलार जिला भोपाल मे स्थित भूमि खसरा नंबर 179 रकबा 0.1400 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा दिनांक 28/11/2024 को समय प्रातः4.00 बजे स्थल पर किया जावेगा। पडोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमांकन से कोई आपत्ति होतो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं अनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा मे सीमांकन कार्य रोका नहीं जावेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक मे परिवर्तन किया जा सकता है। पडोसी भूमिस्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वंय से व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराया जा सकता है। आज दिनांक 21/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

**राजस्व निरीक्षक**
**तहसील कोलार-भोपाल**

2636

**परस्पर गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित**

**112, बी.डी.ए. शॉपिंग सेन्टर, 7 नं. बस स्टाप, शिवाजी नगर, भोपाल-462016**

**दिनांक 23/22/2024**

**खरीदी दर प्रस्ताव विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि परस्पर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल की चूनाभट्टी स्थित कॉलोनी का भूखण्ड के 100 का आधा भाग अतिरिक्त भूमि क्षेत्रफल 10×30=300 वर्गफुट को संस्था ने मौजूदा कलेक्टर गाईडलाईन वेल्यू के हिसाब से विक्रय करना चाहती है। अतः इच्छुक व्यक्ति या संस्था का सदस्य (संस्था के सदस्य को प्राथमिकता दी जावेगी) उक्त अतिरिक्त भूमि को क्रय करना चाहता है तो वह अपने खरीदि दर प्रस्ताव में नाम एवं पता एवं मोबाईल नंबर एवं क्रय दर सहित बंद लिफाफ में संस्था कार्यालय 112, बी.डी.ए. काम्पलेक्स, 7 नं. बस स्टॉप, शिवजी नगर, भोपाल में सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में जमा करा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद कोटेशन मान्य नहीं होंगे।

**अध्यक्ष**
**परस्पर गृह निर्माण सह. समिति मर्या. भोपाल**

2637

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरा पूर्व में नाम YASMEEN BAGUM था जो कि मेरे पूर्व में बने पासपोर्ट पर दर्ज है। अब मेरा नाम बदलकर नया नाम YASMEEN MAZHAR W/O SYED MAZHAR HASAN निवासी म.नं.538, शारदा नगर, हनुमान मंदिर रोड, नारियलखेड़ा भोपाल (मध्य प्रदेश) 462010 हो गया है अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। 2639

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मैं रिषिका सोलंकी आत्मज श्री विक्रम सिंह सोलंकी, निवासी - 139, सीहोर रोड, ग्राम फंदा, जिला भोपाल, म. प्र. की निवासी हूं। मै रिषिका सोलंकी मेरा एक अन्य नाम घर में रितिका सोलंकी भी है उक्त दोनो नाम मेरे ही हैं तथा मै रिषिका सोलंकी एवं रितिका सोलंकी के नाम से जानी जाती हूं। उक्त संबंध में सर्वसाधारण मेरे उपरोक्त दोनो नामों से जाना जावे।

**रिषिका सोलंकी उर्फ रितिका सोलंकी**
**पुत्री श्री विक्रम सिंह सोलंकी**
**निवासी-139, सीहोर रोड, ग्राम फंदा कला, फंदा जिला-भोपाल, म.प्र.**

2638